Date
Page

# GOVT. COLLEGE HANSI

FOR

ASSIGNMENT FULFILMENT OF

B. A. 3RD YEAR [6 SEM]

2021 - 2022

TOPIC = SOCIO ECONOMIC SURV-EY

SUBMITTED BY - SAKSHI

SUBMITTED TO - SH. SANDEEP SIR

ROLL NO - 2993220084

UNI. ROLL NO - 1931222250307

# Introduction of College.

प्राचीन काल से हि भारतीय संस्कृति में ज्ञान को धन और शारीरिक बल से ऊँचा स्थान प्राप्त है, क्योंकि मनुष्य धन और बल के बिना परमतत्व को पा सकता है, परन्तु ज्ञान के बिना उसे पाने की कल्पना भी नहीं कर सकता। प्रत्येक वह स्थान जहाँ शिक्षा ग्रहण की जाती है, ज्ञान का मन्दिर होता है। हमारी संस्कृति की इस परम्परा को जीवित रखने के लिए इस शहर (हाँसी) व इसके निकटवर्ती क्षेत्रों से होनहार विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा संबंधी आवश्यकता पूर्ण करने हेतु जुलाई 1968 में नेहरू मैमोरियल महाविद्यालय, हाँसी की स्थापना की गई। महाविद्यालय को फरवरी 18, 1980 से हरियाणा सरकार ने अपने नियंत्रण में ले लिया।

सितम्बर 1988 से महाविद्यालय का शिक्षण कार्य अपने वर्तमान नवनिर्मित भवन में प्रारंभ हुआ। वर्तमान समय में महाविद्यालय के 50 वर्ष पूरे हो चुके हैं। इस समय महाविद्यालय में B.A. B.Sc., B.com, M.com, BCA, PGDCA, yoga आदि के क्षेत्रों में शिक्षण दिया जा रहा है। महाविद्यालय में विशाल भवन, सुयोग्य अध्यापक, खेलों के मैदान, शिक्षा की नवीनतम प्रणाली (जैसे स्मार्ट क्लासें) इसके मुख्य आकर्षण बिन्दु

Student data in Govt. College for the Session 2021

Govt. College Hansi

| Sr. No | Name of Faculty | Seat | Boys | Girls | Total |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | B.A. I | 400 | 260 | 144 | 404 |
| | B.A. II | | 235 | 143 | 378 |
| | B.A. III | | 181 | 159 | 340 |
| | Total | | 676 | 446 | 1122 |
| 2. | B.Com I | | 58 | 45 | 103 |
| | B.Com II | | 75 | 37 | 112 |
| | B.Com III | | 58 | 34 | 92 |
| | Total | | 191 | 116 | 307 |
| 3. | M.Com I | | 13 | 32 | 45 |
| | M.Com II | | 13 | 36 | 49 |
| | Total | | 26 | 68 | 94 |
| 4. | B.Sc NM I | | 59 | 20 | 79 |
| | B.Sc NM II | | 54 | 26 | 80 |
| | B.Sc NM III | | 41 | 25 | 57 |
| | B.Sc Hon I | | 9 | 7 | 16 |
| | B.Sc Hon II | | 8 | 8 | 16 |
| | B.Sc Hon III | | 11 | 4 | 15 |
| | Total | | 182 | 91 | 273 |
| 5. | BCA I | | 42 | 13 | 60 |
| | BCA II | | 39 | 16 | 55 |
| | BCA III | | 23 | 13 | 36 |
| | Total | | 104 | 47 | 151 |
| 6. | PGDCA | | 14 | 18 | 32 |
| 7. | PG Diploma in yoga | | 23 | 10 | 33 |
| | Total | | 37 | 28 | 65 |
| | Grand Total | | 1216 | 796 | 2012 |

है।
वर्तमान समय में विभिन्न संकायों में हमारे महाविद्याल-य में कुल 1983 विद्यार्थी हैं जो कि शिक्षा ग्रहण हेतु महाविद्यालय में 35 नियमित कक्षाएं लगाते हैं। वर्तमान समय में महाविद्यालय तथा 25 सहायक प्राध्यापक कार्यरत हैं। महाविद्यालय के नए भवन में 15 कमरे हैं। तथा पुराने भवन में 19 कमरे हैं। इसके अतिरिक्त एक प्रशासनिक खण्ड हैं। भिन्न-2 विषयों की कुल 10 प्रयोगशालाएं हैं जिसमे विद्यार्थी विषयों से सम्बन्धि-त प्रयोगात्मक कार्य करते हैं। महाविद्यालय में एक रंगशाला है जिसमें समय-2 पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक व शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। एक पुस्तकालय है जिसमें विद्यार्थियों के ज्ञान को उत्कृष्टता प्रदान करने के लिए अनेक प्रकार की पुस्तकें उपलब्ध हैं। पुस्तकालय में नियमित रूप से दैनिक व मासिक पत्र। पत्रिकाएं मगंवाई जाती है जिसका लाभ विद्यार्थी नियमित रूप से उठाते हैं। खेलकूद तथा गतिविधियों के लिए मैदान उपलब्ध है। इसके अलावा वाहन खड़े करने की भी सुविधा उपलब्ध है।


Govt. P.G. College Hansi
Bala Ji Salasar Dham
बाला जी
सालासर धाम
Asigarh Fort
असीगढ़ किला
MOCHI
MOHALLA
मोची
मोहल्ला
Hansi
हांसी
UTTAM NAGAR
उत्तम नगर
हिसार चुंगी
Google

# महाविद्यालय की स्थिति

राजकीय महाविद्यालय, हाँसी शहर के उत्तरी हिस्से में स्थित है। कालेज के उत्तर में बरवाला बाई पास सड़क गुजरती है। इसी सड़क पर महाविद्यालय का मुख्य द्वार स्थित है। इसी सड़क के साथ हाँसी की ऐतिहासिक चेलंग नहर गुजरती है इसी सड़क के बाईं ओर मानचित्र में खेल का मैदान स्थित है तथा दाईं ओर प्रशासनिक खण्ड अवस्थित है।

महाविद्यालय के पूर्व में जगदीश कॉलोनी, दक्षिण-पश्चिम में हनुमान कॉलोनी अवस्थित है। महावि-द्यालय का अधिकांश भाग जगदीश कॉलोनी में स्थित है।
महाविद्यालय की सामान्य बस स्टैण्ड से दूरी लगभग 2 Km है। महाविद्यालय की रेलवे स्टेशन से दूरी 2.5 Km है। डाकघर से 3 Km, पुलिस स्टेशन से 1 Km व सामान्य हस्पताल से दूरी लगभग 2.7 Km है।

महाविद्यालय की अवस्थिति शहर से बाहर होने पर महाविद्यालय को किसी भी बाधक तत्व का सामना नहीं करना पड़ता।

जैसे :- ध्वनि प्रदूषण, वायु प्रदूषण आदि

# Socio-Economic Survey's Introduction.

सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण वह थर्मामीटर है जिससे समाज की तबीयत का पता चलता है। यह एक व्यापक विषय है जिसके अंतर्गत अनेक मुद्दों को स्पर्श और आर्थिक किया जा सकता है। इस सर्वेक्षण में हम सामाजिक और आर्थिक पहलुओं से संबंधित बातों को निरिक्षित करते हैं जिससे हमें समाज में रह रहे लोगों के रहन-सहन, खान-पान, रीति-रिवाज तथा आर्थिक स्थिति का पता चलता है। इन सब पहलुओं को एकत्रित कर हम अनेक निष्कर्षों पर पहुंच सकते हैं।

इस सर्वेक्षण का मुख्य लक्षण महाविद्यालय के विद्यार्थियों के वितरण-क्षेत्र के बारे में विस्तरित जानकारी उपलब्ध करना है। जिससें हम महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों की आर्थिक, सामाजिक स्थितियों से अवगत होते हैं। इसके अलावा हमें महाविद्यालय की पृष्ठ-भूमि का भी पता चलता है। इस सर्वेक्षण में हम महाविद्यालय के विद्यार्थियों की आर्थिक-सामाजिक स्थित के साथ-२ उनकी दैनिक क्रिया-कलापों का भी अध्ययन करेंगे। इसके अलावा वो कितनी दूरी तय कर महाविद्यालय आते हैं। उनकी पारिवारिक स्थिति कैसी है, वो किस धर्म या समुदाय से संबंध रखते हैं, आदि।

## Male/Female Students Ratio




## Urban/Rural Students Ratio



## Male/female Students

| Gender | No. of Students | |
|---|---|---|
| Male | 71 | 61.2% |
| female | 45 | 38.8% |

महाविद्यालय में किए गए सैंपल सर्वेक्षण के अनुसार महाविद्यालय के कुल विद्यार्थियों में 61.2% छात्र हैं। छात्राएं 38.8% हैं। छात्रों की संख्या से कम छात्राओं से अधिक है परन्तु विगत वर्षों में छात्राओं की सं. में बढोतरी हुई है। जो कि समाज में महिलाओं की शिक्षा एवं विकास का प्रतीक है। पिछले कुछ वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों में महिलियों की शिक्षा के प्रति विशेष जागरूकता आई है जिससे हम भविष्य में एक आदर्श स्थान की कल्पना कर सकते हैं।

## Rural/Urban Students

| R/U | No. of Students | |
|---|---|---|
| Rural | 86 | 74.13% |
| Urban | 30 | 25.86% |

सर्वेक्षण के आकडे के अनुसार 86 विद्यार्थी ग्रामीण क्षेत्र से तथा 30 विद्यार्थी शहरी क्षेत्र से आते हैं। शहर से कम विद्यार्थियों का आना यह दर्शाता है शहरी विद्यार्थी उच्च सुविधाओं के प्रति आकर्षित होकर अन्य बड़े शहरों के प्रति गमन करते हैं। जबकि गांवों से आने वाले विद्यार्थियों के अधिक संख्या का मुख्य कारण हांसी के आस-पास गांवों की अधिकता है।

Distance from college.




Size of family



## Distance from college

| Distance | No. of Students | % of Students |
|---|---|---|
| 0-2 KMS | 14 | 12.06% |
| 2-5 KMS | 20 | 17.24% |
| 5-10 KMS | 26 | 22.41% |
| Above 10 KMS | 56 | 48.27% |
| Total | 116 | 100% |

ऊपर दिए गए आंकड़ो से यह ज्ञात होता है कि महावि-द्यालय में लगभग आधे (48.27%) विद्यार्थी 10Kms से अधिक दूरी से आते हैं जबकि 2Kms से कम दूरी से आने वाले विद्यार्थियों की सं० केवल 14 यानी 12.06% ही है। इसका प्रमुख कारण झाँसी के विद्यार्थियों का अन्य शहरों की ओर मुख्य कारण हैं।

## Size of family.

| Members | No. of Students | % of Students |
|---|---|---|
| 0-2 | 1 | 0.86% |
| 3-4 | 48 | 41.37% |
| 5-7 | 61 | 52.58% |
| Above 7 | 6 | 5.17% |

ऊपर दि गई सारणी से यह पता चलता है कि महाविद्या में पढ़ने वाले विद्यार्थियों में अधिकतर विद्यार्थी बड़े परिवार (5-7 या above 7) से संबंध रखते हैं। इसका कारण परम्परागत परिवारो प्रणाली का होना है 3-4 वर्ग 41.37% विद्यार्थी आते हैं जो कि माध्यम वर्ग है इस यह स्पष्ट होता है कि पिछले कुछ समय में नियोजन के प्रति लोगों में जागरूकता का होन


SC (26.7%)
General
(31.03%)
OBC/BC
(42.24%)


Others
Agriculture
Buissness
Survice

## Category (In caste)

| Category | No. of Students | |
|---|---|---|
| General | 36 | 31.03% |
| OBC/BC | 49 | 42.24% |
| SC | 31 | 26.72% |

किए गए सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों में यह ज्ञात होता है कि महाविद्यालय में अधिकतर विद्यार्थी OBC/BC वर्ग से संबंध रखते हैं। इसके साथ General के 31.03% व SC के 26.72% विद्यार्थी महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण हेतु प्रतिदिन महाविद्यालय में आते हैं।

## Occupation of family.

| Occupation | No. of Students | |
|---|---|---|
| Agriculture | 54 | 46.55% |
| Service | 15 | 12.93% |
| Buissness | 10 | 8.62% |
| Others | 37 | 31.89% |

ऊपर दिए गए आंकड़ों के अनुसार सबसे अधिक 46.65% विद्यार्थियों के परिवार का व्यवसाय कृषि है। अधिकतर विद्यार्थियों के परिवार का व्यवसाय कृषि होने के कारण महाविद्यालय में ग्रामीण विद्यार्थियों की अधिकता है। इसके विपरित महाविद्यालय में सबसे कम (8%) विद्यार्थियों के परिवार का मुख्य व्यवसाय Buisness है।

# Mode of Transport



# Mode of Transport

चार वर्गों में विभाजित विद्यार्थी, बस, पैदल, साईकिल व मोटर साईकिल या स्कूटर द्वारा महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। महाविद्यालय में सबसे अधिक विद्यार्थी बस के माध्यम से आते हैं। इसका कारण यह है कि ज्यादातर विद्यार्थी गाँव से आते हैं और गाँव से शहर तक सबसे सुगम्य साधन बस ही है।

जो विद्यार्थी महाविद्यालय के आस-पास के क्षेत्रों से आते हैं वो किसी माध्यम के बिना पैदल चलकर महाविद्यालय पहुचते हैं। महाविद्यालय में साईकिल द्वारा आने वाले विद्यार्थियों की संख्या सबसे कम हैं। इसके अलावा महाविद्यालय में बड़ी संख्या में विद्यार्थी मोटरसाईकिल या स्कूटर से आते हैं। पिछले कुछ समय में महाविद्यालय में छात्राओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है इसके साथ-२ छात्राएं स्कूटर के माध्यम से महाविद्यालय आती है।

महाविद्यालय में स्कूटर, मोटरसाईकिल या साईकिल से आने वाले विद्यार्थी की संख्या बस द्वारा आने वाले विद्यार्थियों की तुलना में काफी कम है। इसका प्रमुख कारण अधिकतर विद्यार्थियों की पारिवारिक व आर्थिक स्थिति कमजोर होना है।


Monthly Income (In - Rs)
30,000 above
20,000 - 30,000
10,000 - 20,000
Below 10,000
5
10
15
20
25
30
35
40
45
50
No. of Students

# Family Income

| Monthly Income (InRs) | No. of Students. | % |
|---|---|---|
| Below 10,000 | 48 | 41.3% |
| 10,000 - 20,000 | 37 | 31.9% |
| 20,000 - 30,000 | 20 | 17.2% |
| 30,000 above | 11 | 9.5% |

आय के आधार पर महाविद्यालय को चार वर्गों में बांटा गया है। जिसमें सबसे कम विद्यार्थी तीस हजार से अधिक वाले वर्ग में आते हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि महाविद्यालय में निम्न या मध्यम वर्ग को विद्यार्थी अधिक है। जबकि उच्च वर्ग के विद्यार्थी की संख्या काफी कम है। सबसे अधिक (41.3%) विद्यार्थी के परिवार की मासिक आय दस हजार से भी कम है। इसका निष्कर्ष हम पिछले के आंकड़े से भी निकाल सकते हैं। जिसमें हमने पढ़ा था कि महाविद्यालय में अधिकतर विद्यार्थियों के परिवार कृषि कार्यों में संलग्न है और गाँव से संबंध रखते है इसलिए आज केवल जीवन-निर्वाह तक ही सीमित है। इसके अलावा महाविद्यालय में बड़ी संख्या महाविद्यालय में बड़ी संख्या के विद्यार्थियों के परिवार की मासिक आय माध्यम है।

# Conclusion

इस सर्वेक्षण के माध्यम से हमें महाविद्यालय में छात्र- छात्राओं के अनुपात का पता चला। गांव से आने वाले छात्रों का अनुपात शहर से आने वाले से काफी ज्यादा है। इस सर्वेक्षण के माध्यम से हमें महाविद्यालय में पढ़ रहे विद्यार्थियों की पारिवारिक स्थित का आकलन हुआ। महाविद्यालय की पृष्ठभूमि का अनुमान लगा। महाविद्यालय में आने के लिए विद्यार्थी किन माध्यमों का प्रयोग करते हैं, उसका पता चला।

इस प्रकार इस सर्वेक्षण के माध्यमों से हमें न केवल महाविद्यालय के विद्यार्थियों का बल्कि हमारे आस- पास के क्षेत्रों की आर्थिक- सामाजिक परिस्थितियों का भी पता चलता है। इस सर्वे के माध्यम से हमें समाज की तबीयत का भली- भांति आकलन हुआ है।

इस प्रकार निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि महाविद्यालय छात्रों की अपेक्षा छात्राएं कम है, अधिकतर विद्यार्थी ग्रामीण क्षेत्रों से है। उनके परिवार या तो बड़े है या माध्यम है, अधिकतर विद्यार्थी बस से महाविद्यालय बस से पहुंचते है। उनकी आर्थिक स्थिति निम्न या माध्यम है, अधिकतर विद्यार्थियों की जीविका प्राथमिक विद्यार्थी क्रियाओं पर निर्भर है।